# HISAR METAL INDUSTRIES LIMITED

**Regd. Off & Works: Near Industrial Development Colony, Hisar-125005 (HRY)**
**Phone: 01662-220067,220367,220738 Fax 01662-220265**
**Email :info@hisarmetal.com, Web www.hisarmetal.com**
**CIN No: L74899HR1990PLC030937**

**August 13, 2021**

Corporate Relationship Department
Bombay Stock Exchange
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai - 400 001
**Scrip Code: 590018**
**(Category: Permitted For Trade)**

Corporate Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor
Plot No. C-1, G Block
Bandra Kurla Complex, Bandra East
Mumbai – 400051
**Scrip Code: HISARMETAL**

**Sub: Newspaper Publication for Unaudited financial results for the Quarter ended on June 30, 2021**

Dear Sir / Madam

Please find enclosed herewith newspaper publication of Unaudited Financial Results of the company for the quarter ended on 30th June, 2021 which is published in "The Financial Express" ( English-Newspaper ) and "Jansatta" ( Hindi-Newspaper ) on 13/08/2021.

This is for your kind information and records.

Thanking You,

Yours faithfully,
For **Hisar Metal Industries Limited**

(Vishesh Kumar Chugh)
**Company Secretary & Compliance Officer**

# HISAR METAL INDUSTRIES LIMITED

Registered Office: Near Industrial Development Colony, Delhi Road, Hisar - 125 005 (Haryana)
Email: info@hisarmetal.com; Website: www.hisarmetal.com
Tel.: (01662) 220067, 220367, 220738 Fax: (01662) 220265
CIN: L74899HR1990PLC030937

## Unaudited Financial Results for the Quarter Ended on June 30, 2021

(Rs. in lakhs except as stated)

| | Particulars | Quarter ending 30.06.2021 | Quarter ending 31.03.2021 | Quarter ending 30.06.2020 | Year ending 31.03.2021 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | (Unaudited) | (Audited) | (Unaudited) | (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations (including other income) | 4688 | 5236 | 1533 | 15308 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 229 | 370 | -74 | 775 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 229 | 370 | -74 | 775 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 172 | 238 | -74 | 541 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 172 | 238 | -74 | 541 |
| 6 | Equity Share Capital | 540 | 540 | 540 | 540 |
| 7 | Other Equity (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | | 2692 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations)- Basic and Diluted | 3.19 | 4.41 | -1.37 | 10.02 |

Note:
The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements)Regulations, 2015. The full format of the Financial Results are available on the Stock Exchanges website (www.bseindia.com & www.nseindia.com) and on Company's website (www.hisarmetal.com)

For and on behalf of Board of Directors
Sd/-
(Abhiram Tayal)
Managing Director
DIN 00081453

Place: Hisar (Haryana)
Date : August 12, 2021

# Indian Overseas Bank

Asset Recovery Management Branch Rachna Building, 4th Floor, 2, Rajendra Place, Pusa Road, New Delhi -110 008, Phone 011-25758124, Email: iob1997@iob.in

## PUBLIC NOTICE FOR E- AUCTION FOR SALE OF IMMOVABLE PROPERTIES

**Sale of immovable property/ies mortgaged to Bank under Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 (No.54 of 2002)**

whereas, the Authorized Officer of **Indian Overseas Bank** has taken possession of the following property/ies pursuant to the notice issued under Section 13(2) of the Security Interest (Enforcement) Rules 2002 in the following loan account with right to sell the same on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for realization of Bank's dues plus interest & costs as detailed hereunder and whereas consequent upon failure to repay the dues, the undersigned in exercise of power conferred under Section 13(4) of the said Act proposes to realize the Bank's dues by sale of the said property/ies. The sale will be done by the undersigned through e-auction platform provided at the Web Portal **https://ibapi.in**

| | |
|---|---|
| Name & Address of the Borrowers: | **M/s Jyoti Buildtech Pvt Ltd,** 68/5339, Regharpura, Karol Bagh, Delhi-05 |
| Name & address of the Mortgagors/ Guarantors: | 1.**Mr. Charanjeet Singh Sahni** 22/3, Lajpat Nagar Chowk, Lucknow, UP-226003<br>2.**Mrs. Jyoti Sahni** 22/3, Lajpat Nagar Chowk, Lucknow, UP-226003<br>3.**Mr. Ishpreet Singh** 22/3, Lajpat Nagar Chowk, Lucknow, UP-226003<br>4.**Mr. Harjeet Singh Sahni** D-835, New Friends Colony, Delhi-65<br>5.**Mrs. Pummy Sahni** D-835, New Friends Colony, Delhi-65<br>6.**Mr. Kanwarjeet Singh** 11/5, Lajpat Nagar Chowk, Lucknow-226003<br>7.**Mrs. Jagjeet Kaur** 267/61, Jal Sansthan Compound, Lucknow<br>8.**M/s Hindustan Infra Projects Pvt Ltd,** 22/3, Lajpat Nagar Chowk, Lucknow-226003 |
| Date of NPA | 05.09.2018 |
| Date of Demand Notice | 05.10.2018 |
| Dues claimed in Demand Notice | Rs. 113,36,47,188/- as on 30.09.2018 with further interest & costs |
| Date of Possession Notice | 18.01.2019 |
| Dues claimed in Possession Notice | Rs. 114,99,50,975.26 as on 18.01.2019 with further interest & costs |
| # Outstanding dues of Local Self Government (Property Tax, Water Sewerage, Electricity Bills etc) | To be ascertained and borne by the buyer |

### DESCRIPTION OF THE IMMOVABLE PROPERTY

**Lot 1:** Basement Floor, property bearing no D-835, situated at New Friends Colony, Delhi, land admeasuring 492 sq yrds.
**Lot 2:** Second Floor (with roof rights), property bearing no D-835, situated at New Friends Colony, Delhi, land admeasuring 492

# किन्नौर हादसा: मलबे से चार और शव निकाले, 17 लापता

ओमप्रकाश ठाकुर
शिमला, 12 अगस्त।

बीते रोज जिला किन्नौर के निगुलसराई के पास पहाड़ दरकने से गिरी चटटानों व मलबे की चपेट में आई हिमाचल परिवहन निगम की बस में सवार चार यात्रियों के शव आज सुबह राहत व बचाव कार्य दल ने निकाल लिए है। अब तक 14 शवों को निकाला जा चुका है। इनमें बीते रोज दस शव निकाले गए थे।

भारतीय तिब्बत सीमा बल और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के जवानों समेत बाकी लोगों की मदद से सुबह चार बजे के करीब आज बचाव व राहत कार्य चलाया गया । इस दौरान सड़क से करीब दो सौ मीटर नीचे परिवहन निगम की बस के कुछ हिस्से बड़ी चटटानों के बीच मिल गए। इन्हीं के साथ पहले सुबह साढ़े सात बजे के करीब एक शव निकाला गया व साढ़े ग्यारह बजे तक तीन और शव निकाल लिए गए। शवों बहुत बुरी स्थिति में थे। एक शव का सिर पूरी तरह से पत्थरों की चपेट में आ चुका था। इसके अलावा बाकी शवों भी बुरी तरह से क्षत विक्षत अवस्था में मिले है।

घटनास्थल का दृश्य दिल दहलाने वाला है। सुबह साढ़े ग्यारह बजे के करीब पहाड़ से दोबारा पत्थर नीचे की ओर गिरने लगे व राहत व बचाव कार्य को निलंबित करना पड़ा। करीब आधे घंटें बाद राहत व बचाव कार्य दल ने काम शुरू करने का प्रयास किया। अभी वह कुछ ही मिनट काम कर सके थे कि ऊपर से दोबारा पत्थर गिरने शुरू हो गए। उसके बाद राहत व बचाव कार्य को निलंबित कर दिया व यह शाम तक दोबारा शुरू ही नहीं हो सका।

बीती शाम को दस बजे के करीब तक बचाव दल ने हिदुस्तान तिब्बत राष्ट्रीय राजमार्ग –5 को साफ कर दिया था। लेकिन आखिर में उस समय सभी हैरत में रह गए जब परिवहन निगम की बस सड़क में ढांक की तरफ भी नहीं मिली। इसके बाद शाम को करीब दस जवानों को नीचे सतलुज के तट की ओर से बस की खोज में लगा दिया गया था, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद इस आपरेशन को बंद कर दिया लेकिन राजमार्ग को यातायात के लिए बहाल नहीं किया।

राहत व बचाव टीम को उम्मीद थी कि मलबे के नीचे कुछ लोग जीवित हो सकते है। ऐसे में आज सुबह चार बजे से पहले ही बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। सुबह साढ़े सात बजे के करीब चटटानों को हटाते हुए बस का एक हिस्सा मिल गया। उसके बाद एक दो और हिस्से मिले। वहीं पर पत्थरों व मलबे के नीचे दबी ये चार शव भी मिल गए।

## मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख, गंभीर घायलों को 50-50 हजार राहत राशि का एलान

इसी बीच घटनास्थल का दौरा करके लौटे मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने सदन में मतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए राहत राशि देने का एलान किया। इसी के साथ गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार और तमाम इलाज सरकारी खर्चे पर करने की भी घोषणा। इसके अलावा यहां मलबे के नीचे दबे यात्रियों के परिजन जो मौके पर आए है, उनके रहने, खाने पीने व अन्य हर तरह की मदद करने के लिए प्रशासन को आदेश दे दिए गए है। जय राम कहा कि घटना स्थल के दृश्य विचलित करने वाला है।

## हादसे में मारे गए लोगों के लिए सदन में दो मिनट का मौन

इससे पहले सदन ने इस हादसे में मारे गए यात्रियों के संवेदना व्यक्त की और दो मिनट का मौन रखा। कांग्रेस विधायक आशा कुमारी और वामपंथी विधायक राकेश सिंघा ने कहा कि एनएच के लिए अवैज्ञानिक तरीके से ब्लास्टिंग की गई, जिसकी वजह से पहाड़ जर्जर हो गए है। सिंघा ने कहा कि मशीनरी नारकंडा से भेजी गई जो शाम को छह बजे के करीब पहुंची।

# मंडी-मनाली मार्ग पर भूस्खलन की चपेट में आया ट्रक

मंडी, 12 अगस्त (जनसत्ता)।



मंडी-मनाली राजमार्ग पर इन दिनों सफर खतरे से खाली नहीं है। पिछले कई दिनों से रोजाना इस मार्ग पर खतरनाक चट्टानें आ रही हैं जिससे जोखिम बना हुआ है। बुधवार को भी शाम सात मील के पास एक ट्रक चट्टान की चपेट में आ गया, उसके चालक को गंभीर चोटें आई उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

इसी तरह से रात को फिर भारी भूस्खलन हो जाने से यह मार्ग बंद हो गया। इस कारण से कई मील तक जाम लग गया। हजारों पर्यटक व उनके वाहन फंस गए। लेह-लद्दाख को जा रही सप्लाई, जरूरी वस्तुओं की आवाजाही, सेना की गाड़ियां व रोजाना मंडी से कुल्लू की ओर से तथा कुल्लू से मंडी की ओर आने वाले हजारों लोग फंस गए। हजारों लोगों को सड़क पर ही रात गुजारनी पड़ी।

मंडी के पास पुलिस ने वाहन रोक दिए, जरूरी वाहनों को वाया कटौला भेजा गया। दोपहर को फिर से यह मार्ग बंद हो गया। पूरा दिन इस मार्ग पर जाम जैसी हालत बनी रहीं। लोग परेशान होते रहे। अब भी यह मार्ग सुरक्षित नहीं है। रात को यहां से सफर करना जोखिम भरा है। बिना बारिश भी चट्टानों का खिसकना जारी है। प्रशासन ने भी लोगों को इस मार्ग पर गुजरते हुए सावधानी बरतने को कहा है।

# कोरोना: 24 घंटों में संक्रमण से तीन ने तोड़ा दम, 354 नए मामले

शिमला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

प्रदेश में कोरोना संक्रमण से पिछले 24 घंटों में तीन मरीजों ने दम तोड़ दिया है प्रदेश में अब तक कोरोना संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 3,526 तक पहुंच गया है। बीती रात से लेकर अब तक प्रदेश में कोरोना संक्रमण के 354 नए मामले सामने आए हैं।

सबसे ज्यादा 71-71 मामले तीन जिलों चंबा, मंडी व कांगड़ा में सामने आए है व तीनों जिलों में सक्रिय मरीजों का आंकड़ा क्रमशः 684, 447 और 406 तक पहुंच गया है जबकि प्रदेश में सक्रिय मामलों की संख्या 2,668 तक पहुंच गई है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक बिलासपुर में 92 साल की एक महिला को कोविड न्यूमोनिया हो गया। उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई और उसने दम तोड़ दिया। जिला कांगड़ा में एक 80 व एक 75 साल की महिला ने दम तोड़ा है। इन दोनों को मधुमेह व उच्च रक्तचाप की समस्या थी व इनकी हालात बिगड़ती गई और दोनों ने दम तोड़ दिया। कांगड़ा में मरने वालों का आंकड़ा बढ़ कर 1,046 तक पहुंच गया है जबकि बिलासपुर में अब तक 80 मरीज दम तोड़ चुके है।

पिछले 24 घंटों में प्रदेश में 239 मरीज ठीक होकर घर में गए हैं।

# सीमा अधिनियम: संशोधन विधेयक सत्ता, विपक्ष की आपत्तियों के बाद भेजा प्रवर समिति को

शिमला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

चाय बागानों को सरकार की इजाजत से बेचने व इन्हें किसी अन्य को हस्तांतरित करने के लिए 2016 में हिमाचल प्रदेश भूमि जोत पर सीमा अधिनियम में लाए संशोधन को निरस्त करने को लेकर मंगलवार को सदन में लाए गए संशोधन विधेयक को आज, गुरुवार को कांग्रेस, भाजपा और वामपंथी विधायकों की आपत्तियों के बाद प्रवर समिति को भेज दिया गया है।

मंगलवार को राजस्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर की ओर से सदन में पेश किए गए इस विधयेक में कहा गया था कि मौजूदा समय में अधिनियम की धारा 6-ए और 7-ए के तहत सरकार की पूर्व अनुमति से चाय बागान के तहत भूमि उपयोग में परिवर्तन और भूमि के हस्तांतरण का प्रावधान है। लेकिन पिछले चार पांच सालों में जब से यह प्रावधान हुआ है, तब से देखा गया है कि चाय बागान के तहत भूमि का उपयोग चाय बागान के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया है या इन प्रावधानों का सहारा लेकर बिक्री आदि के माध्यम से इन बागानों को स्थानांतरित किया गया है जो कानून की भावना और मंशा के खिलाफ है।

आज इस मामले को सदन में चर्चा के लिए लाया गया। चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक आशीष बुटेल ने सदन में कहा कि जिन लोगों के पास सीलिंग से कम जमीन है, उन्हें चाय बागानों को उस सीमा तक जो कानून के तहत मान्य है, रखने की इजाजत दी जानी चाहिए व उन्हें उनकी मर्जी से जमीन के इस्तेमाल की इजाजत होनी चाहिए।

उन्होंने सदन में यह भी कहा कि यह मामला पहले ही सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और हाई कोर्ट ने भी अपने एक फैसले में कहा कि जिनके पास सीमा से कम जमीन है उन्हें चाय बागान में से जमीन रखने की इजाजत होनी चाहिए। बुटेल ने कहा कि अगर कल को सरकार विकास कार्यों के लिए जमीन की जरूरत पड़ती हैं तो वह चाय बागानों का इस्तेमाल कर सकती है। पालमपुर कृषि विवि तो चाय बागान पर ही बना हे। अन्य संस्थान भी है जो चाय बागानों पर बने हुए है। अगर सरकार इस तरह के कामों को चाय बागानों के इस्तेमाल की इजाजत देने का हक ही खो देंगी तो यह सही नहीं होगा। सरकार को अपने हाथ में किसी भी तरह के बदलाव के अधिकार रखने चाहिए।

वामपंथी विधायक राकेश सिंघा ने कहा कि सरकार को आज चाय बागानों से आय न के बराबर हो रही है। ऐसे में अगर कोई वहां पर सेब या अन्य कुछ और चीज उगाना चाहता है तो उसे इसकी इजाजत नहीं है। अब पहले का दौर नहीं है जब कांगड़ा चाय का दबदबा था। उन्होंने कहा कि चाय बागानों का इस्तेमाल के बदलाव के लिए इजाजत देने की शक्तियां हमेशा ही सरकार के पास होनी ही चाहिए।


## हिसार मेटल इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: नियर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉलोनी, दिल्ली रोड, हिसार-125005 (हरियाणा)
ईमेल: info@hisarmetal.com; वेबसाइट: www.hisarmetal.com
फोन: (01662) 220067, 220367, 220738 फैक्स: (01662) 220265
CIN: L74899HR1990PLC030937

**30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

(रू. लाखों मे निर्दिष्ट को छोडकर)

| | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2021 (अनंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2021 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.06.2020 (अनंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2021 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालन से कुल आय (अन्य आय सहित) | 4688 | 5236 | 1533 | 15308 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/व असाधारण मदों से पूर्व) | 229 | 370 | -74 | 775 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/व असाधारण मदों के बाद) | 229 | 370 | -74 | 775 |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/व असाधारण मदों के बाद) | 172 | 238 | -74 | 541 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल] | 172 | 238 | -74 | 541 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 540 | 540 | 540 | 540 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | 2692 |
| 8 | प्रति शेयर आय (रू. 10/- प्रत्येक) (चालू और बंद प्रचालनों के लिए) बेसिक एवं डायल्यूटिड | 3.19 | 4.41 | -1.37 | 10.02 |

नोट:
सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसार, स्टॉक एक्सचेंज के साथ दर्ज की गई उपरोक्त त्रैमासिक वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com व www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.hisarmetal.com) पर उपलब्ध है।

कृते और निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता/-
(अभिराम तायल)
प्रबंध निदेशक
DIN 00081453

स्थान: हिसार (हरियाणा)
तिथि : 12 अगस्त, 2021



## HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT

e-Procurement Notice

INVITATION FOR BIDS (IFB)

1. **The Executive Engineer, HPPWD, Karsog, Distt. Mandi H.P.** on behalf of Governor of H.P invites the online bids on item rate, in electronic tendering system, in 2 Cover System for the under mentioned work from the eligible and approved contractors/Firms registered with HPPWD Department.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost | EMD | Time | Cost of Tender | Eligible Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Periodical Maintenance on Kandi to Bagail road VR-003629305 (SH;- Providing and Laying 30mm thick bituminous concrete in km. 0/0 to 5/0) | 60,52,628/- | 1,21,100/- | 2 Months | 5000/- | A to C |
| 2 | Periodical Maintenance on Chalog to Kandi road VR-003529305 (SH;- Providing and Laying 30mm thick bituminous concrete in km. 2/0 to 5/0) | 36,31,630/- | 72,700/- | 2 Months | 5000/- | A to C |
| 3 | A/R and M/O Pangna Majhangan road Km. 0/0 to 22/100 (SH;- Balance work of C/o 4.00 mtrs spane RCC slab culvert over existing abutment at RD. 10/0) | 8,04,618/- | 16,100/- | 2 Months | 500/- | D |

2 Availability of Bid Document and mode of submission: The Bid document is available online and bid should be submitted in online mode on website https://hptenders.gov.in.
Bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities (CA). "Aspiring bidders who have not obtained the user ID and from authorized Cas can use the same in this tender
3. **KEY DATES:**
4 **TENDER DETAILS:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of online Publication | 18.08.2021 10.30 HRS' |
| 2. | Document Download Start and End Date | 18.08.2021 10.30 HRS upto 26-08.2021 10.00 HRS |
| 3. | Bid Submission Start and End Date | 18.08.2021 10.30 HRS upto 26.08.2021 10.00 HRS |
| 4. | Physical Submission of EMD and Cost of Tender Document | 27.08.2021 upto 12.00 HRS |
| 5. | Date of Technical Bid opening, Evaluation of Technical Bid followed by Opening of Financial Bid. | 27.08. 2021 upto 2.00 HRS |

The Tender Documents shall be uploaded online in 2 Cover:
i) **Cover 1:** shall contain scanned copies of all "Technical Documents/ Eligibility Information".
ii) **Cover 2:** shall contain "BOQ/Financial Bid", where contractor will quote his offer for each item
5 **SUBMISSION OF ORIGINAL DOCUMENTS:** The bidders are required to submit (a) original demand draft towards the cost of bid document and (b) original bid security/Earnest Money Deposit (EMD) and other Technical in O/o Executive Engineer Karsog Division HPPWDKarsog as specified in Key dates Sr. No. 4 on Tender Opening Date, failing which the bids will be declared non-responsive.
6. **BID OPENING DETAILS:** The bids shall be opened on 27.08.2021at 2.00 HRS in the office Executive Engineer Karsog Division HPPWD Karsog by the authorised officer. In their interest the tenderer are advised to be present along with original documents at the time of opening of tenders. If the office happens to be closed on the date of opening of the bids as specified, the bids will be opened on the next working day at the same time and venue.
7. The bids for the work shall remain valid for acceptance for a period not less than 90 days after the deadline date for bid submission.
8 Other details can be seen in the bidding documents. The officer inviting tender shall not be held liable for any delays due to system failure beyond its control. Even though the system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the Employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidders' responsibility to verify the website for the latest information related to the tender.

**Executive Engineer**
**HPPWD Division Karsog**
**Distt Mandi H.P.**
**on behalf of Governor of. Himachal Pradesh**

3304/HP


# बिलासपुर में पुल की शटरिंग गिरने से दो मजदूरों की मौत

बिलासपुर, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

बिलासपुर के नजदीक एक पुल की शटरिंग गिरने से हुए हादसे में दो मजदूरों की मौत हुई है। घटना बिलासपुर जिले में पेश आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर जिले में कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन के तहत मंडी-भराड़ी-ऋषिकेश को जोड़ने वाले मार्ग पर पुल निर्माण चल रहा था। इसकी शटरिंग गिरने से दो प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। पुल की शटरिंग की जा रही थी जोकि अचानक गिर गई। हादसे के बाद मजदूरों को उपचार के लिए चांदपुर स्थित निजी अस्पताल लाया गया, लेकिन गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण दोनों की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा कि दोनों मजदूर उत्तर प्रदेश के हैं। फिलहाल पुलिस को मामले की सूचना मिली है। डीएसपी सदर बिलासपुर राजकुमार ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच आरम्भ कर दी है। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# सिंघा ने आशा कार्यकर्ताओं, बागवानों का मसला उठाया सदन में

शिमला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान आशा कार्यकर्ताओं की ओर से दो महीने में किए गए बेहतरीन कामों की एवज में जय राम सरकार की ओर से उन्हें घोषित की गई पंद्रह-पंद्रह सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि और बजट सत्र में बढ़ाए गए मानदेय की रकम को अभी तक भी अदा नहीं कर पाई है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्री राजीव सैजल ने सदन में कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को अदा की जाने वाली करीब 24 करोड़ रुपए की राशि मंजूर हो गई है व इसमें 14 करोड़ रुपए की रकम जारी कर दी गई है।

सैजल ने सदन में कहा कि इस रकम को जल्दी ही आशा कार्यकर्ताओं को अदा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने सराहनीय काम किया। उन्हें अपमान भी झेलना पड़ा और उन पर कई जगहों पर पत्थर भी बरसाए गए। वामपंथी विधायक राकेश सिंघा ने आज प्रश्नकाल के दौरान सदन में यह मसला उठाया व कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को कितने घंटे काम करना होता है और आशा कार्यकर्ता डयूटी के दौरान कितनी दूरी तय करती है। सैजल ने कहा कि कितनी दूरी तय करती है, यह तो मालूम नहीं है वह पता करने का प्रयास करेंगे।

भाजपा विधायक अरुण कुमार ने पूरक प्रश्न किया कि क्या इन कार्यकर्ताओं के मानदेय को बढ़ाने का मामला केंद्र सरकार से उठाया जाएगा। सैजल ने कहा कि सरकार इस बावत कदम उठाएगी। प्रश्न काल के दौरान ही सिंघा ने पिछले तीन सालों में बागवानों के साथ हुई धोखाधड़ी व अब तक आढ़तियों से बागवानों की वसूली गई रकम को लेकर प्रश्न पूछा था। मुख्यमंत्री की जगह पर अधिकृत बागवानी मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने सदन में कहा कि बागवानों के अभी भी 13 करोड़ 40 लाख 43 हजार रुपए आढ़तियों के पास फंसे हुए है। इन बागवानों की शिकायतों की जांच करने के लिए गठित विशेष जांच दल के पास अभी 28 एफआइआर और 311 शिकायतें लंबित है। महेंद्र सिंह ने कहा कि जो 28 एफआइआर लंबित है उनके तहत बागवानों का 11 करोड़ 97 लाख 33 हजार 143 रुपए आढ़तियों के पास फंसा हुआ है।

# कांगड़ा भाजपा में मौकापरस्त बनाम वफादारों के बीच सुलगी अंदरूनी जंग!

सुभाष मेहरा
धर्मशाला, 12 अगस्त।

कांगड़ा जिले में भाजपा को सबसे अधिक अपशब्द बोलने वाले नेताओं को जय राम सरकार की ओर से बतौर तोहफा शिमला में कार और कोठी के इंतजाम के लिए निगम-बोर्डों में उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद 2022 में मिशन रिपीट के लिए मशक्कत कर रही भाजपा की अंदरूनी जंग मौकापरस्त बनाम वफादारों में तब्दील होने की ओर बढ़ रही है। लिहाजा जय राम की तुष्टिकरण नीति से आहत पार्टी समर्पित नेताओं के भीतर क्रोध की धाराएं फूटी है।

कहा जा रहा है कि संगठन में हुक्म ऊदुली के चलते भाजपा से दरवाजा दिखाए जाने के बाद शांता कुमार, प्रेम कुमार धूमल और जय राम को भी तब दिन रात पानी पी-पीकर कोसने वालों में उस वक्त पार्टी की तनखैय्या सूची में कांगड़ा के जिन दो नेताओं ने विस चुनावों में भाजपा को सबक सिखाया था, उनमें से एक को जय राम ने निगम की तो दूसरे को बोर्ड की कमान हवाले की है।

पार्टी में ऐसे हालत तब है जब सांगठनिक एकजुटता से लेकर भीतरघातियों और बगावतियों से निबटने से लेकर के अलावा गांव के मतदान केंद्र तक एक-एक मतदाता को जोड़ने जैसे अहम काम में जुटे पवन राणा जैसे कड़क महामंत्री मौजूद है। मगर 2007 के विस चुनाव में पत्नी अनीता धीमान और 2012 में खुद पार्टी से द्रोह कर चुके मनोहर धीमान को मुख्यमंत्री जय राम समेत सब लोग जानते हैं कि दिवंगत मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पीठ पर सवार होकर विस के अंदर और बाहर धीमान भाजपा नेताओं पर करारे हमला करते रहे हैं। लेकिन सत्ता संभालते ही जय राम ने सबसे पहली कृपा मनोहर के उपर ही बरसाई। इसी तरह से भाजपाई खाते में जवाली क्षेत्र से कर्नाटक हाई कोर्ट से दो हजार का दंड भुगतने और अदालत उठने तक कठघरे में खड़ा रह चुके जवाली हलके के संजय गुलेरिया का भी इतिहास भाजपाई खाते में एक विद्रोही के रुप में दर्ज हैं।

गौरतलब है कि 2012 के विस चुनाव में पार्टी उम्मीदवार अजुर्न सिंह को धरती दिखाने के लिए गुलेरिया एक बागी की हैसियत से मैदान में थे। लेकिन पार्टी और सरकार में 'भूल जाओ और माफ करो' के तहत पार्टी और संगठन को समर्पित पवन राणा जैसे संघ प्रचारक को हजार गालियां देने वाले धीमान और गुलेरिया की जय राम ने जिस तरीके से ताजपोशी की है, उसको लेकर कहा जा रहा है कि एक तरह से जय राम ने बुरे वक्त में पार्टी की कसम नही खाने वाले पुरानों वफादारों के अरमानों पर कुल्हाड़ी चलाई है।

अंदरूनी तौर पर पार्टी के उपर अदरखाते भीतरघाती वीभत्स संकट का खतरा मंडरा रहा है। बहरहाल कांगड़ा जिले में दोनों मौकापरस्तों को मुख्यमंत्री की ओर से कुर्सी नवाजे जाने के बाद लग रहा है कि पवन राणा ने भी जय राम के आदेशों के आगे पराजय स्वीकार कर ली है।


## Ind-Swift Laboratories Ltd.

Regd. Off.: SCO 850, Shivalik Enclave, NAC Manimajra, Chandigarh - 160 101
CIN L24232CH1995PLC015553

**STATEMENT OF STANDALONE & CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH, JUNE 2021**

(₹ in Lacs)

| PARTICULARS | STANDALONE Quarter Ended 30.06.2021 UnAudited | STANDALONE Quarter Ended 30.06.2020 UnAudited | STANDALONE Year Ended 31.03.2021 Audited | CONSOLIDATED Quarter Ended 30.06.2021 UnAudited | CONSOLIDATED Quarter Ended 30.06.2020 UnAudited | CONSOLIDATED Year Ended 31.03.2021 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Total Income from Operations | 24799.95 | 20978.28 | 87970.62 | 25575.22 | 21619.72 | 91404.19 |
| Profit(loss) before exceptional Items and Tax | 1882.94 | 416.87 | 1611.72 | 1901.75 | 457.22 | 1800.85 |
| Profit(loss) before Tax (After exceptional items) | 1882.94 | 416.87 | 1611.72 | 1901.75 | 457.22 | 1800.85 |
| Net Profit /( Loss) for the period (after tax & Exceptional items) | 1875.17 | 416.87 | (439.83) | 1880.41 | 457.22 | (314.72) |
| Total Comprehensive Income for the Period | 1875.17 | 416.87 | (591.73) | 1880.41 | 457.22 | (466.61) |
| Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- per Share) | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 |
| Reserves excluding revaluation reserves | ----- | ----- | 36813.40 | ----- | ----- | 33294.91 |
| EPS (of Rs. 10/- each) (Not annualised) (In Rs.) | | | | | | |
| Basic | 3.17 | 0.71 | (0.74) | 3.18 | 0.77 | (0.53) |
| Diluted | 3.17 | 0.71 | (0.74) | 3.18 | 0.77 | (0.53) |

Notes: 1.The above is an extract of the detailed format of the standalone and consolidated financial results for the quarter ended 30th June 2021 filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. the full format of the standalone and consolidated Financial Results for the quarter ended 30th June 2021 are available on the Stock Exchange websites, www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the Company's website www.indswiftlabs.com.
2. The previous period figures have been re-grouped, re-arranged and reinstated wherever necessary.
3. No adjustment has been made in respect of Deferred Taxes & current Tax as per Ind-AS 12, as the same would be provided at year end.
4. The Company is exclusively in the Pharmaceutical Business segment.

For Ind-Swift Laboratories Limited
Sd/-
N R Munjal
Chairman and Managing Director

Place: Chandigarh
Date: 12.08.2021


# कुल्लू में 52 ग्राम हेरोइन समेत दो और गिरफ्तार

कुल्लू, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

कुल्लू पुलिस ने 52 ग्राम हेरोइन मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान दिल्ली के मजनू का टीला निवासी विजय (32) और अफ्रीका के रहने वाले सिलियालुओ (30) के तौर पर हुई है। पुलिस अधीक्षक कुल्लू गुरदेव शर्मा ने बताया कि पांच अगस्त को कुल्लू के हाथीथान में कार सवार दो युवक और दो युवतियों से 52 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। जांच में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह हेरोइन दिल्ली निवासी विजय से खरीदी है। इसके बाद पुलिस टीम ने दिल्ली के मजनु टीला में जाकर विजय को गिरफ्तार किया। इसी युवक से खुलासा हुआ कि हेरोइन का मुख्य सप्लायर दिल्ली के द्वारका में रहने वाला एक विदेशी नागरिक है। इसी आधार पर कुल्लू पुलिस टीम ने दिल्ली में जाकर आरोपी को 20 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया।